समापन भाषण

माननीय सदस्यगण,

षोडश बिहार विधान सभा का नवम सत्र दिनांक 26 फरवरी, 2018 से प्रारंभ होकर आज दिनांक 03 अप्रील, 2018 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-22 बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 26 फरवरी, 2018 को महामहिम राज्यपाल द्वारा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के सह-समवेत सदस्यों को सम्बोधित किया गया । माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति सदन पटल पर रखी गई । सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित कुल 03 (तीन) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखा गया । षोडश बिहार विधान सभा के माननीय सदस्य श्री सरफराज आलम, क्षेत्र संख्या-50, जोकीहाट ने दिनांक 10.02.2018 के अपराह्न में सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया गया है की सूचना से अवगत कराया गया । सत्र के दौरान कुल-12 (बारह) जननायकों के निधन पर शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

दिनांक 27 फरवरी, 2018 को माननीय मंत्री वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक विवरणी तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर दिनांक 27 एवं 28 फरवरी, 2018 को वाद-विवाद एवं माननीय मुख्यमंत्री के उत्तर के उपरान्त धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ ।

दिनांक 06 मार्च, 2018 को वित्तीय वर्ष 2017-18 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित स्वास्थ्य विभाग के अनुदान की माँग स्वीकृत हुई । शेष माँगे गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा स्वीकृत हुई फिर तत्सम्बन्धी बिहार विनियोग विधेयक, 2018 स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 08 मार्च, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पर बिहार की महिलाओं को सदन की ओर से शुभकामनाएँ दी गई ।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में सम्मिलित अनुदान की माँगों में से कुल बारह विभागों से संबंधित अनुदान की माँगें दिनांक 07 मार्च से 26 मार्च, 2018 के बीच वाद-विवाद, सरकार के उत्तर एवं मतदान के उपरान्त स्वीकृत हुई । शेष माँगे गिलोटिन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुआ ।

इस सत्र में निर्वाचन क्षेत्र संख्या-205, भभुआ एवं निर्वाचन क्षेत्र संख्या-216, जहानाबाद के उप-निर्वाचन, 2018 में निर्वाचित सदस्य श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय तथा श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने शपथ ग्रहण किया ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :-

(1) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2018
(2) बिहार विद्युत शुल्क विधेयक, 2018
(3) बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् विधेयक, 2018
(4) बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018.

दिनांक 03 अप्रील, 2018 को सतत् विकास लक्ष्यों के लिए निर्धारित कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर सदन में विमर्श हुआ । बिहार विधायिका के लिए यह गर्व का विषय है कि पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विकास के निर्धारित मानक लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के विकास कार्यक्रमों पर सदन में सार्थक विमर्श हुआ । यह बिहार विधायिका की विकास के अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता का द्योतक है ।

सत्र के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल के माध्यम से जनहित के मामले उठाये गये एवं विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन, नियमावली, अधिसूचना एवं मार्गदर्शिका की प्रति तथा बिहार विधान सभा की विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

सत्र के दौरान कुल-4066 प्रश्न प्राप्त हुए । कुल-3151 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिसमें 45 अल्पसूचित प्रश्न, 2659 तारांकित प्रश्न तथा 447 अतारांकित प्रश्न थे । इन स्वीकृत प्रश्नों में से 247 प्रश्न उत्तरित हुए एवं 564 प्रश्नोत्तर सदन पटल पर रखे गये । उत्तर संलग्न प्रश्नों की संख्या-18, अपृष्ठ प्रश्न 68 एवं 2254 प्रश्न अनागत हुए ।

इस सत्र में कुल-507 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 500 स्वीकृत हुए एवं 07 अस्वीकृत हुए । कुल-336 याचिकाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें 296 स्वीकृत एवं 40 अस्वीकृत हुईं ।

इस सत्र में कुल-318 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 38 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए तथा 117 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये एवं 163 अमान्य हुए ।

इस सत्र के दौरान कुल-238 गैर सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन में चर्चा हुई ।

इस सत्र में प्रश्न काल का पटना दूरदर्शन द्वारा प्रसारण किया गया तथा सम्पूर्ण कार्यवाहियों की रिकॉर्डिंग भी की गयी । इस कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारी एवं पदाधिकारीगण धन्यवाद के पात्र हैं ।

सत्र के संचालन में भरपूर तथा सौहार्दपूर्ण सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता, विरोधी दल एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष-प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ । पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही को सफलता से ले जाने का कार्य किया, उन्हें साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित आरक्षी बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं ।

इससे पहले कि मैं सदन की कार्यवाही स्थगित करूँ, इस सत्रावधि में कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके प्रति शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है ।